हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

14 शरीर व दिमाग को विकसित करने के लिए खेल ....



14 नारायणपुर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन,भाजपा कार्यालय घेरने निकले ....



# शीतलहर से ठिठुरा बस्तर, जनजीवन प्रभावित, सीजन का सबसे कम तापमान 8 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उत्तर दिशा से आ रही शुष्क सर्द हवाओं ने बस्तर संभाग को अपनी चपेट में ले लिया है। इसके चलते इस शीत ऋतु में पहली बार न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जो अब तक का सबसे कम दर्ज तापमान माना जा रहा है। शनिवार को जगदलपुर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कड़ाके की ठंड के कारण लोग देर सुबह तक घरों में दुबके रहे, वहीं शाम ढलते ही बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा छाने लगा। दिनभर लोग स्वेटर, जैकेट और कनटोप जैसे गर्म कपड़ों में नजर आए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलों को सतर्क रहने और शीतलहर संबंधी एडवाइजरी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति को लेकर चेतावनी जारी की है। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात ज्यादा गंभीर बनी है। बस्तर के ग्रामीण और नदी तटीय इलाकों में ठंड का असर और अधिक देखा जा रहा है। कई गांवों में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है। सुबह-शाम ग्रामीण अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में नगर निगम की ओर से कुछ सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इधर ठंड के बावजूद बस्तर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तीरथगढ़, कोटमसर, कैलाश और चित्रकोट जलप्रपात में पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। हालांकि इन क्षेत्रों में दिनभर ठंडी हवाएं चलने ▶▶| शेष पेज 14 पर

## ग्रामीण अंचलों में ठंड का प्रकोप, अलाव से मिल रही राहत



### न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री वृद्धि संभव

*मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले तीन दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि संभव है,जबकि मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा और इसके बाद 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के आसार हैं, वहीं प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और उत्तरी हिस्सों में एक-दो स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की संभावना बनी हुई है।*

## खबर संक्षेप

### एनएच की खराब स्ट्रीट लाइटें सुधारी और लगाए रिफ्लेक्टर



**जगदलपुर।** दुर्घटनाएं रोकने के लिए जगदलपुर से रायपुर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारा गया और रिफ्लेक्टर लगाने का काम किया जा रहा है। साथ ही रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि कोहरे और रात में वाहनों की दृश्यता बढ़े और चालकों को सड़क की स्थिति, मोड़, डिवाइडर और अन्य बाधाओं का पता चले, जिससे सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित हो सके और दुर्घटनाएं कम हों। इससे सर्दियों में होने वाली दुर्घटनाओं को में कमी लाने में मदद मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम, उपयंत्री अजय कुमार गहलोत की टीम ने हॉल में जगदलपुर से भानपुरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन किया। उस समय खराब स्ट्रीट लाइट को सुधारा गया और रिफ्लेक्टर लगाया गया। एनएच के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि कोहरे में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के स्ट्रीट लाईटों को शुरू किया गया। साथ सड़क किनारे रिफ्लेक्टर लगाया गया।

### निर्माणाधीन कार्यों का महापौर ने किया मैदानी निरीक्षण



**जगदलपुर।** शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर नगर निगम ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तकनीकी अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। साथ ही समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। नगर ▶▶| शेष पेज 14 पर

## भाजपा का कार्यकर्ता होना महती ज़िम्मेदारी : किरण सिंह देव

# अटल बिहारी जन्म शताब्दी पर 25 को भव्य आयोजन की तैयारी पर भाजपा ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाजपा ने किया जगदलपुर विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन
- 25 को अटल स्मृति दिवस और 26 को वीर बाल दिवस भव्य रूप से मनायेगी भाजपा

भारतीय जनता पार्टी संगठन की गतिविधियों की रफ़्तार बढ़ाने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जनता के बीच जाकर सतत कार्य करने हेतु लगातार संगठनात्मक बैठकें कर रही है। इसी तारतम्य में आज शनिवार को भाजपा द्वारा जगदलपुर विधानसभा स्तरीय बैठक का महत्वपूर्ण आयोजन स्थानीय वीर सावरकर भवन में किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हुये।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कार्यकर्ताओं से केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों व लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और भारत के युग पुरूष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष 25 दिसम्बर को भव्यता के साथ मनाने व 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस का आयोजन व्यापक रूप से करने कहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव संगठन की गतिविधियों की जानकारी लेते हुये अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होना महती ज़िम्मेदारी है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के निर्धारित कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने सक्रिय भूमिका निभाये। बैठक में बस्तर जिला संगठन प्रभारी सतीश लाटिया ने कहा कि अटल स्मृति दिवस पर विविध कार्यक्रम सभी मण्डलों में मनाये जायेंगे। जिसकी समग्र तैयारियां समय पूर्व पूरी हो। श्री लाटिया ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा एनडीए सरकार के दौरान स्वर्णिम चतुर्भुज, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पूर्व-पश्चिम उत्तर-दक्षिण को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिये किये गये कार्यों को याद करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल जी के सपनों को साकार करने पूर्व में डा. रमन सिंह व वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश में विकास व जनहित के कार्यों का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने प्रस्तावना उद्बोधन दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही व आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री परीस बेसरा ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक डा सुभाऊ कश्यप,बैदूराम कश्यप,पूर्व जिलाअध्यक्ष विद्या शरण तिवारी,श्रीनिवास मिश्रा,महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र सिंह आर्य, पदलाम नाग,अनिल शर्मा,ललिता बघेल,सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, लखीधर बघेल, प्रदीप देवांगन,योगेन्द्र पाण्डेय, रोहित त्रिवेदी, सुब्रतो विश्वास, प्रकाश झा,अविनाश श्रीवास्तव,महेन्द्र सेठिया,हरिराम मण्डावी,देवीप्रसाद बेंजाम,किरण सेन,फूल सिंह सेठिया आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## भाकपा ने 100वें स्थापना दिवस पर जनपक्षीय राजनीति की भरी हुंकार और दिखाई एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- जल-जंगल-जमीन के अधिकारों पर फिर दोहराया ऐतिहासिक एजेंडा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार 20 दिसम्बर को शताब्दी वर्ष का आयोजन पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। इस अवसर पर गीदम रोड स्थित कोया समाज भवन से भव्य रैली निकाली गई,जो गीदम रोड,गुरु गोविंद सिंह चौक,कोर्ट तिराहा होते हुए कमिश्नर कार्यालय पहुंची और चांदनी चौक से मूर्तिलाइन मार्ग के रास्ते पुरानी मंडी परिसर में सभा के रूप में परिवर्तित हुई। रैली और सभा में लाल झंडों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने शहर में शताब्दी आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप दिया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वैचारिक यात्रा,जनसंघर्षों में उसकी भूमिका और आदिवासी-गैर आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए किए गए आंदोलनों को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की स्थापना 20 दिसम्बर 1925 को हुई थी और तब से लेकर आज तक पार्टी का मूल उद्देश्य शोषण के खिलाफ संघर्ष और समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा रहा है। जल,जंगल और जमीन के अधिकारों को लेकर पार्टी का संघर्ष आगे भी ▶▶| शेष पेज 14 पर

## मनीषा सेमला की मौत के लिए जिम्मेदार अधीक्षिका पर कठोर कार्रवाई की मांग



**बीजापुर।** आवापल्ली बीजापुर जिले के विकासखंड उसूर के अंतर्गत संचालित पोटाकेबिन आवापल्ली में अध्यनरत कक्षा छठवीं की छात्रा मनीषा सेमला की मौत से संबंधित जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच दल के संयोजक कमलेश कारम के नेतृत्व में घटना स्थल पहुंच कर सर्वप्रथम पोटाकेबिन में अध्यनरत मृतिका के सहपाठी छात्राओं तथा संस्था के शिक्षकों से घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली। इसके पश्चात जांच दल ने मृतिका छात्रा के गृह ग्राम गुंडम पहुंच कर संबंधित के परिजनों से भी चर्चा कर घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली। मनीषा के परिजनों ने जांच दल को अवगत कराया कि मनीषा सेमला की मौत अधीक्षिका कमला ककेम की घोर लापरवाही की वजह से हुई है। अधीक्षिका कमला ककेम समय रहते यदि मनीषा का इलाज करवाती तो शायद हमारी बेटी भी आज हम सब के बीच जीवित होती। मनीषा के परिजनों तथा पोटाकेबिन आवापल्ली में पढ़ने वाले अन्य छात्राओं से की गयी चर्चा उपरांत जांच दल इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मनीषा सेमला की मौत अधीक्षिका की लापरवाही की ही वजह से हुई है। मृतक छात्रा मनीषा सेमला के परिजनों ने जांच दल के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की है कि मनीषा सेमला की मौत के लिए जिम्मेदार अधीक्षिका के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही करें ताकि भविष्य मे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित इस जांच दल के संयोजक पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम के साथ सोनू पोटाम, मनोज अवलम,सरस्वती वासम, अनिता तेलम, राजेश वासम, बोधि ताती, लक्ष्मलु पाबा, मुन्ना कुरसम, शंकर खटबीना, विनोद तालुकदार, गनपत वासम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## जिला युवा महोत्सव विविध प्रतियोगिता व रंगारंग कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से रहा सरोबोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- युवाओं को मिला प्रतिभा प्रदर्शन और प्रोत्साहन का सशक्त मंच

जिले के उभरते हुए युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा, ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार 20 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम परिसर स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में आयोजित इस महोत्सव में जिले भर से आए युवाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का वातावरण पूरे समय उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। युवा महोत्सव के समापन अवसर ▶▶| शेष पेज 14 पर

### बस्तर पंडुम का आयोजन शीघ्र

अपने संबोधन में उन्होंने यह भी घोषणा की कि बस्तर की लोकसंस्कृति, पारंपरिक कलाओं और युवा प्रतिभाओं को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से शीघ्र ही 'बस्तर पण्डूम' का भव्य आयोजन किया जाएगा,जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए निरंतर अभ्यास,अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा शासन स्तर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खेल एवं युवा कल्याण समिति के सभापति बनवासी मौर्य ने अपने संबोधन में शासन द्वारा संचालित विभिन्न खेल एवं युवा कल्याण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है,इसी उद्देश्य से उन्होंने समिति के सभापति का दायित्व स्वीकार किया है। उन्होंने युवाओं से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों,आयोजकों एवं उपस्थित जनसमूह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मां दंतेश्वरी की कृपा सदैव बनी रहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदिनी साहू, शिक्षकगण, खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी युवा उपस्थित रहे।

## धान खरीदी कर्मचारियों को मिले आश्वासन पर शीघ्र अमल के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आंदोलन के बाद सरकार कर्मचारी संवाद से बनी सहमति



छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से जुड़े कर्मचारियों को दिए गए आश्वासनों के शीघ्र क्रियान्वयन के संकेत मिले हैं। धान खरीदी जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्य में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों एवं सहकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर राज्यभर में व्यापक असंतोष सामने आया था। इसी के चलते 3 नवंबर 2025 से छत्तीसगढ़ कर्मचारी महासंघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू हुआ, जिससे प्रदेश की अधिकांश सहकारी समितियों में कामकाज ठप हो गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकार को आनन-फानन में वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी पड़ीं और पटवारी, आरईओ, कृषि विभाग के कर्मचारी, शिक्षक तथा अन्य विभागीय अमले को धान खरीदी की जिम्मेदारी सौंपी गई। एक समय ऐसा आया जब तहसीलदार स्तर तक के अधिकारियों को भी धान खरीदी में लगाया गया,जिससे अन्य शासकीय कार्य लगभग ठहर से गए। लगातार बिगड़ती परिस्थितियों के बीच मध्यस्थता के प्रयासों से सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच संवाद की स्थिति बनी। सहकारिता एवं खाद्य विभाग से जुड़े शीर्ष स्तर पर चर्चा के बाद प्रमुख मांगों पर सहमति ▶▶| शेष पेज 14 पर

सुमीत बाजार
आज का स्पेशल ऑफर
MRP. ₹ 999 से ₹ 1299 प्रति पीस वाले
प्रीमियम क्वालिटी डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता



हल्दी, कार्नीवाली, बारात, पूजा एवं पार्टी के लिये उपयोगी
आकर्षक प्रिंट्स एवं डिजाईन्स में मेन्स कुर्ता ₹333 में
साईज उपलब्धतानुसार... ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक....
बस स्टैण्ड के सामने, मेन रोड, कोंडागांव
*condition apply

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र

हरिभूमि

के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं

शुभकामनाएँ




HAM HAJI ABDUL MAJID ACADEMY — WHERE POTENTIAL IS REALISED INTO SUCCESS

www.hamacademy.co.in

# Glimpse of HAM ACADEMY LUMINARK

## संस्कार, संस्कृति और आधुनिकता का भव्य संगम

ग्राम कालीपुर स्थित हम अकादमी द्वारा गुरुवार को प्रतिवर्ष की भांति भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रेखचंद जैन एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, मंचासीन रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम ल्यूमिनार्क विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कृति और सृजनात्मकता का जीवंत मंच बना। बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक रंगारंग, सांस्कृतिक और विषय आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन रखा। विद्यालय के अध्यक्ष हनीफ बारबटिया एवं संचालक साहिल बारबटिया द्वारा अतिथियों का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। मंच से प्रस्तुत कार्यक्रमों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आधुनिक 21वीं सदी की मिश्रित झलक देखने को मिली। बच्चों की प्रस्तुतियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत साफ झलक रही थी, जिसे देखकर अभिभावक एवं दर्शक भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में शिव तांडव, महाभारत नृत्य नाटिका झ्र आज की द्रौपदी,रानी पद्मावती का जौहर, कांतारा थीम डांस, लगान थीम एक्ट, ह्यूमन इवोल्यूशन एक्ट, साइबर क्राइम एक्ट, रोबोटिक/एआई डांस, जंगल बुक थीम डांस, चार्ली चैपलिन डांस, रैंप वॉक, बॉलीवुड बीट्स सहित कई प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। विशेष आकर्षण के रूप में इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस और ग्रैंड फिनाले ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मंच से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। संस्थापक श्री हनीफ बारबटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अकादमी में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और आस्था का भी ज्ञान दिया जाता है। यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।


















HAM ACADEMY- Kalipur Road, Education Hub, Dharampura, Jagdalpur. 9425258123, 8282822972, 9174002002, 7772981777

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।





मा. विक्रम शाह मंडावी

(विधायक)

बीजापुर विधानसभा

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।





श्रीमती जानकी कोरसा (पिंकी)

(अध्यक्ष)

जिला पंचायत बीजापुर

शहर से लेकर गांव तक छाए पाठकों की पहली पसंद दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

नित नये आयाम गढ़ते गया

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते





मा. जी.श्री निवास रेड्डी

(पूव सांसद प्रतिनिधि)

भाजपा नेता, बीजापुर

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

हरिभूमि

रायपुर संस्करण के 24 वें

स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दात्यिव व कर्त्तव्य होता है।





मा. शंकरैया मड़वी

(सदस्य)

जिला पंचायत बीजापुर

## खबर संक्षेप



### रांधना तारगांव में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**फरसगांव।** माकड़ी क्षेत्र के ग्राम राँधना तारगांव में ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, सरपंच, उप सरपंच, गायता पुजारी ग्रामीणजनो की उपस्तिथि में किया। यह तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता 19 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक चलेगी। जिसमें 2000 से अधिक खिलाड़ी बच्चे अपनी खेल प्रतिभा दिखाएंगे। जिनके देखरेख की जिम्मेदारी शिक्षकों को दी गई है। खेल प्रतियोगिता में कबड्डी , खो-खो, बॉलीबाल, दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, रिले रेस, समेत विभिन्न प्रकार के खेल खेले जाएंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम तारगाँव के समस्त युवा संगठन सहित ग्रामवासी भरपूर सहयोग दे रहे हैं।

### विधायक लता ने शालेय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का किया शुभारंभ



**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम रांधना में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खेलों को शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक बताते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक ने 30 बालिकाओं को सरस्वती सहायता योजना के तहत सायकल प्रदान किए, जिससे उनकी स्कूल आने–जाने की सुविधा सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में यतेन्द्र सलाम, मनोहर साहू, शिक्षकगण, बीईओ माकड़ी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैसाख कोर्राम, प्रदेश तिरंदाजी संघ उपाध्यक्ष दिपेश अरोरा, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी समारोह में शामिल हुए। विधायक ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि बच्चों का बौद्धिक और सामाजिक विकास भी सुनिश्चित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर न केवल अपनी प्रतिभा दिखाएं, बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी सीखें।

### कोण्डागांव विधानसभा को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव विधानसभा की विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी के प्रयासों से क्षेत्र को लगभग 15 करोड़ 97 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इन कार्यों में ग्रामीण अंचलों में सड़क एवं पुल–पुलिया निर्माण प्रमुख हैं, जिससे आवागमन सुविधा मजबूत होगी और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। कोपाबेड़ा से भीरागांव तक 2 किमी सड़क 2 करोड 31 लाख, डोंगर सीलाटी से कांवरा तक 3.50 किमी सड़क 2 करोड 77 लाख, कोण्डागांव से खरगांव तक 3.425 किमी सड़क 3 करोड़ 10 लाख, बनउसरी से मथनीबेड़ा मार्ग पर 7 पुल–पुलिया 94.64 लाख, बबई हाईस्कूल से करमरी दुर्गा चौक तक 5 किमी सड़क 3 करोड़ 3 लाख, कुम्हारपारा से मसोरा लाड़ीपारा तक 2.20 किमी सड़क 2 करोड़ 13 लाख, भगदेवा, उमरकोट, कनेरा मार्ग के लिए 1.05 किमी सड़क 1 करोड़ 66 लाख। स्वीकृत परियोजनाओं से ग्रामीण जनता में हर्ष देखा जा रहा है। लोगों ने कहा कि लता उसेंडी के नेतृत्व में क्षेत्र लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# शरीर व दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्णः टेकाम

**भुमका में आयोजित ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन, मुख्य अतिथि रहे विधायक टेकाम**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

ब्लाक के ग्राम भुमका में आयोजित चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार की शाम मुख्यातिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्तिथि में किया गया। इस आयोजन में फरसगांव ब्लॉक के 50 संकुलों के अंतर्गत आने वाले स्कूलों को 16 जोन में बांटा गया है। जिसमे हिर्री, भंडारसिवनी , आलोर, जैतपुरी, मांझीआठगांव , सोड़मा, बड़ेडोंगर , कोटपाड, फरसगांव , चिंगनार, कोनगुड, मोडेंगा, देवगांव,उरंदाबेड़ा , चरकई , बड़ेओडागांव जोन शामिल हैं। सभी 16 जोन से दो हजार से अधिक खिलाड़ी स्कूली बच्चो के साथ करीब 200 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से खो-खो , कबड्डी, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली, साँस्कृतिक कार्यक्रम हुए । इस आयोजन ने सभी खेलो में विजेता खिलाड़यिों को मुख्यातिथि के द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया।



### खेल है महत्वपूर्णः टेकाम

इस दौरान बच्चों को सम्बोधित करते हुए विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा बच्चों में देश प्रेम की भावना के साथ देश की सीमाओं की सुरक्षा का ज्ञान होना चाहिए । स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। खेलों में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों जीत की बधाई और जो खिलाड़ी जीत से चूक गए हैं वे नाराज न हो , लगातार प्रयासों से जीत हासिल होता हैं । क्योंकि किसी भी चीज को पाने और आगे बढ़ने के लिए हौसला जरूरी है।

**ये रहे उपस्थितः** इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद सदस्य रेवती लोकनाथ निषाद, लीलावती नेताम, ग्राम भुमका सरपंच रामभरोष कुंवर, उप सरपंच जानकी तिवारी, प्रशांत पात्र, प्रवीण पांडे, महेंद्र सलाम, ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम , एबीओ उदित सोनी सहित शिक्षक शिक्षकाये खिलाड़ी बच्चो के साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## विपक्ष को बदनाम करने इडी सीबीआई का दुरुपयोग, नेशनल हेराल्ड केस रद्द से सच की जीत हुई: कांग्रेस

# नारायणपुर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन भाजपा कार्यालय घेरने निकले कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर

- नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल-सोनिया को क्लीन चिट

नेशनल हेराल्ड केस मे राहुल सोनिया गाँधी को अदालत से क्लीन चिट मिलने की खबर लगते ही कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं में भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मंत्री मोदी अमित शाह के खिलाफ आक्रोषित हो गए। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे ब्लॉक शहर कांग्रेस यूथ कांग्रेस एन एस यू आई और कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने भाजपा कार्यलय को घरने निकल पड़े, पुलिस प्रशासन ने इसे देखते हुए भाजपा कार्यलय जाने से रोकने के लिए तगड़ा पुलिस बल खड़ा कर दिया था। दोनों ओर से बेरीकेट लगा दिया था। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्त्ता पहला बेरीकेट तोड़ने मे सफल हो गए, पुलिस बल के साथ जमकर झूमा झटकी हुई।





जिला कांग्रेस से राजेश दीवान ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार ने हमारे नेतागण श्रीमती सोनिया गाँधी और विपक्ष के नेता राहुल गाँधी जी को बदनाम करने का बहुत प्रयास किया लेकिन वे हमारे नेताओं को झूठे केश मे फसा नही पाए सत्य परेशान हो सकता है किंतु पराजय नही, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की विपक्ष को कुचलने का प्रयास करने वाली भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मंत्री मोदी और अमित शाह को सुप्रीम कोर्ट ने आइना दिखाया है, लगातार 12 वर्षो से ये राहुल गाँधी सोनिया गाँधी और कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास करते रहे इडी सीबीआई केंद्र एजेंसियो का दुरूपयोग करते रहे लेकिन हमें न्यापालिका पर पूरा भरोसा है आखिर सत्य की जीत हुई आगे रवि देवांगन ने कहा की भाजपा कितना भी कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिस स कर ले भाजपा को कोई फायदा नही होगा वैसे भी कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों से नही डरी तो आज के समय वोट चोरी कर सत्ता हासिल करने वाले से क्या डरेगी कांग्रेस भाजपा के सारे झूठे हथकंडे को जनता के सामने रखेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम मे प्रदेश कांग्रेस महासचिव रजनू नेताम, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरीवरिष्ठ कोंग्रेसी शिव पाण्डे, बीपी शुक्ला, यूथ कोंग्रेसी अध्यक्ष बोधन देवांगन, एन एस आई अध्यक्ष विजय सलाम, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुनीता मांझी, उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, उपाध्यक्ष देवनाथ उसेंडी एन एस यू आई प्रदेश उपाध्यक्ष जय वट्टी, शब्बीर बढ़गुजर, एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## संजय बाजार में खून से लथपथ बुजुर्ग का शव मिला, जांच जारी

**जगदलपुर।** संजय बाजार इलाके में शनिवार सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस फारेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मामला कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संजय बाजार इलाके का है। सुबह कुछ लोगों ने शव देखकर इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी मौके पर टीम के साथ पहुंचकर जांच शुरू कर दी वहीं इसकी जानकारी मिलते ही फारेसिंक टीम ने भी जाचं पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया। घटना की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि एक बुजुर्ग का शव संजय बाजार में देखा गया है। सूचना पर मौके पर पहुंचने पर बुजुर्ग का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। पुलिस अनुमान लगा रही है कि बुजुर्ग सोने के लिए जाते समय अचानक से पैर फिसलने के कारण पत्थर में जा गिरा होगा जिससे कि पत्थर सिर व नाक में लगने से वह लहूलुहान हो गया होगा और जानकारी घटना के दौरान किसी को नहीं मिली जिससे उसकी मौत हो गई होगी। कोतवाली व फारेसिंक टीम घटनास्थल की बारीकी से जांच व फोटोग्राफी कर रही है। कोतवाली टीआई ने बताया कि मृतक की शिनाख्त पथरागुड़ा भंगाराम चौक निवासी बद्री गुप्ता 70 वर्ष के रूप में किया गया है जो कई वर्षों से संजय मार्केट में ही रहकर ही अपना जीवन बसर कर रहा था। बुजुर्ग की मौत की वजह किया है इसकी जानकारी पीएम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## पेपर बिगड़ने से परेशान 12वीं कक्षा की छात्रा ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के घाटपदमुर निवासी छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। इसके पीछे की वजह अर्धवार्षिक परीक्षा में पेपर बिगड़ने को लेकर उठाया कदम बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक परपा थाना क्षेत्र के ग्राम घाटपदमुर भाटीगुड़ा में पेपर खराब होने से परेशान एक छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से ही परिजन सदमें में है और सभी का रो रोकर बुरा हाल है। मामले की जानकारी देते हुए परपा थाना प्रभारी ने बताया कि घाटपदमुर निवासी साधना पटेल 18 वर्ष 12 वीं साइंस की पढ़ाई कर रही थी तथा वर्तमान में उनका अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही थी। बताया जा रहा है कि पेपर खराब होने के चलते काफी तनाव में चल रही थी और उसने इसकी जानकारी परिजनों को भी दी थी। बीते 17 दिसंबर को परीक्षा के समाप्त होने के बाद से लगातार वह टेंशन में थी। इसके बाद शुक्रवार को छात्रा ने कमरे में जाकर अपनी मां की साड़ी को फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिसके बाद घर में मौजूद अन्य लोगों ने आवाज सुनकर जब दरवाजे से देखा तो वह फंदे में झूल रही थी जिसके बाद उसे वहां से निकाल कर तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा के अचानक से उठाए इस कदम के चलते परिजनों से लेकर दोस्तों, रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई है। परपा पुलिस द्वारा घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर शव को पंचनामा के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए शव को पीएम के लिए मेडिकल कालेज डिमरापाल रवाना कर आगे की कार्रवाईक कर रही है।



## पेज 11 के शेष

### शीतलहर से ठिठुरा ....

से पर्यटक भीषण ठंड का सामना कर रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है,जिससे सुबह के समय दृश्यता प्रभावित हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार आगामी दिनों के तापमान और कोहरे की स्थिति को लेकर जानकारी केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा द्वारा दी गई।

### भाकपा ने 100वें ...

जारी रहेगा। सभा में केंद्र और राज्य की नीतियों पर भी तीखा हमला बोला गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है और बैलाडीला जैसे महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों को उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है, जिससे बस्तर के मूल निवासियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने बस्तरवासियों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इन नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष को मजबूत करें। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ और दिवंगत कामरेडों का सम्मान कर पार्टी की संघर्षशील परंपरा को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पी संतोष कुमार,आरडीसीपी राव सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी,वक्ता और बड़ी संख्या में सीपीआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शताब्दी वर्ष का राजनीतिक संदेश : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि पार्टी आज भी अपने मूल सिद्धांतों सामाजिक न्याय, समानता और जनअधिकार पर दृढ़ है। रैली और सभा के माध्यम से पार्टी ने जल-जंगल-जमीन, खनिज संसाधनों पर स्थानीय अधिकार और निजीकरण के विरोध को अपने केंद्रीय मुद्दों के रूप में दोहराया। वरिष्ठ व दिवंगत कामरेडों के सम्मान ने संघर्ष की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया, वहीं बड़ी जनभागीदारी ने आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक बनाने का संकेत दिया।

### धान खरीदी कर्मचारियों ...

का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसी क्रम में 17 दिसंबर 2025 को कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर में मुलाकात कर मांगों के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल को यह भरोसा दिलाया गया कि विधानसभा सत्र समाप्त होते-होते कर्मचारियों को संतोषप्रद निर्णय की दिशा में ठोस पहल दिखाई देगी। इसके साथ ही आंदोलन के दौरान कर्मचारियों पर की गई सेवा समाप्ति, निलंबन, एफआईआर, स्थानांतरण एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों को शिथिल करने की मांग भी रखी गई,जिस पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। मुलाकात और चर्चा के दौरान कर्मचारी पक्ष से प्रांतीय एवं जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे,जिनमें छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ और छत्तीसगढ़ सहकारी कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि शामिल थे,जबकि मध्यस्थता और आश्वासन की भूमिका अशोक बजाज द्वारा निभाई गई। आंदोलन अवधि में की गई दंडात्मक कार्रवाइयों को शिथिल करने की प्रक्रिया : कर्मचारियों को दिए गए प्रमुख आश्वासनों में डाटा एंट्री ऑपरेटर की कार्य अवधि छह माह से बढ़ाकर बारह माह करना,धान सुखत पर मान्य शॉर्टेज का प्रावधान लागू करना,वेतन भुगतान के लिए मध्यप्रदेश की तर्ज पर शासन से अनुदान की व्यवस्था करना तथा आंदोलन अवधि में की गई दंडात्मक कार्रवाइयों को शिथिल करने की प्रक्रिया शामिल है,जिन पर विधानसभा सत्र के बाद शीघ्र अमल की उम्मीद जताई गई है।

### निर्माणाधीन कार्यों का ....

गए। इसके साथ ही चंद्रशेखर आजाद वार्ड में प्रस्तावित पुलिया निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। वहीं लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शासकीय खाली भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने की योजना पर सहमति बनी,जिससे क्षेत्रवासियों को हरित और सार्वजनिक स्थान उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की ओर से महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा,राणा घोस,संग्राम सिंह राणा,नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,संबंधित पार्षद,कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज,हेमंत श्रीवास सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी के खाली जमीन पर विकसित होगा पार्क : शहर के चंद्रशेखर आजाद वार्ड में पुलिया निर्माण की तैयारी के साथ लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की खाली शासकीय भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है, जहां देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी कॉलोनीवासियों की समिति निभाएगी,ताकि हर वार्ड में सुव्यवस्थित, टिकाऊ और नागरिक-हितैषी शहरी विकास को मजबूती मिले।

### जिला युवा महोत्सव ...

निगम का अमला सुबह भगत सिंह वार्ड, वीर सावरकर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड सहित शहर के प्रमुख क्षेत्रों में पहुंचा, जहां सड़क,नाली,भवन एवं अन्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण सामग्री,कार्य की मजबूती और प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को भी देखा गया। सभागार के संरचनात्मक सुधार,आंतरिक उन्नयन और सौंदर्यीकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।गए। इसके साथ ही चंद्रशेखर आजाद वार्ड में प्रस्तावित पुलिया निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। वहीं लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शासकीय खाली भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने की योजना पर सहमति बनी,जिससे क्षेत्रवासियों को हरित और सार्वजनिक स्थान उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की ओर से महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा,राणा घोस,संग्राम सिंह राणा,नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,संबंधित पार्षद,कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज,हेमंत श्रीवास सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी के खाली जमीन पर विकसित होगा पार्क : शहर के चंद्रशेखर आजाद वार्ड में पुलिया निर्माण की तैयारी के साथ लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की खाली शासकीय भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है, जहां देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी कॉलोनीवासियों की समिति निभाएगी,ताकि हर वार्ड में सुव्यवस्थित, टिकाऊ और नागरिक-हितैषी शहरी विकास को मजबूती मिले।

---

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुदरू राम पिता स्व. दामुधर जाति हल्बा निवास ग्राम बस्तर वार्ड क्र. 05 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री दिनेश कुमार पिता बुदरू राम की माता जन्म दिनांक 07/04/1998 को ग्राम बस्तर वार्ड क्र. 05 में होना बताते हुए जन्म होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 29/12/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

---

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक / क / तह. / जन्म-मृत्यु / 2025
भानपुरी, दिनांक 16/12/2025

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गौरव नायक पिता स्व.बद्दूराम नायक जाति बंजारा निवासी ग्राम सोनारपाल तहसीलदार भानपुरी के द्वारा अपने दादी रतनी बाई पति रासू राम की मृत्यु दिनांक 20/05/2005 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 31/12/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीक मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

---

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./तह/2024-25
तोकापाल दिनांक 16/12/2025

**-- उद्घोषणा--**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तुलावती बघेल पति स्व.हरिप्रसाद जाति धुरवा निवासी ग्राम बुरूंगपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पति स्व. हरिप्रसाद बघेल/सुकरू बघेल मृत्यु तिथि 12/9/2014 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बुंरूगपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो व न्यायालय कि पेशी तिथि 30/12/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से द्वारा/ आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 30/12/2025

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल




सुशासन के
2 साल
बेमिसाल
छत्तीसगढ़ हुआ
खुशहाल
हरिभूमि
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम 24 वर्ष
पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
हरिभूमि में कई सारी खूबियां है जो उसे दूसरों से अलग बनाती है, जैसे की कुछ अलग करने की सोच, हरिभूमि ऐसा अखबार है जो सच्चाई लिखने के लिए हर स्तर पर प्रयास करता है। इसी सोच की वजह से हरिभूमि की अपनी एक अलग पहचान है। सटीक, सुंदर भाषा और प्रस्तुति के चलते समाज के हर वर्ग का पसंदीदा अखबार है।
विनीत
एक शुभचिंतक, जगदलपुर (बस्तर)


जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को
प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र
हरिभूमि
के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं
संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
Avinash
हरिभूमि
इंद्रावती नदी बचाओं संघर्ष समिति, बस्तर
हरिभूमि
24th
Years
ANNIVERSARY

सत्य के सजग प्रहरी, बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं देश के दिल की आवाज
निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार, पाठकों की पहली पसंद
हरिभूमि
के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाए
हरिभूमि 24th Years ANNIVERSARY

# M P NET SUPPLIER

Distributor- Kirloskar Pumps, CRI Pumps, KSB Pumps

Kirloskar
KSB
C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.






# M P TRADERS

Distributor- Supreme Pipes, Ashirvad Pipes, BIRLA opus Paints

Supreme People who know plastics best
ashirvad PIPES



BIRLA opus



# MAHADEV MACHINERIES

POWER TOOLS



Prop: Mintu Kar
Contact: Tanmay- 9630001541
Near Tehsil Office, Masjid Road, Near Post Office, Civil Line, Jagdalpur (Bastar)

खबर संक्षेप

## नियंत्रण ब्यूरो ने नितेश का किया सम्मान



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. जतिंदर पाल सिंह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नितेश महंत श्रम निरीक्षक को समर्पित एवं निष्ठापूर्ण सेवा के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो बस्तर संभाग द्वारा परिवार सहित प्रसस्ती पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्यूरो के संभागीय अध्यक्ष जगमोहन सोनी, संभागीय उपाध्यक्ष प्रेमदास मानिकपुरी, संभागीय महासचिव योगेंद्र कश्यप एवं जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पटनायक शामिल रहे।

## विरेश बने भाजयुमो के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य

दंतेवाड़ा। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश इकाई ने विरेश मिश्रा को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। इस मनोयन के लिए मिश्रा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजयुमो नेतृत्व एवं संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश और राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु युवाओं को जोड़ना और सशक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक सिद्धांतों और समाज कल्याण के कार्यों में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। विदित हो कि विरेश मिश्रा लगातार भाजपा संगठन के प्रमुख अभियानों और कार्यक्रमों में विभिन्न स्थानों में सक्रिय भूमिका में रहे हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न चुनावों और क्षेत्रों में संगठन की अपेक्षा के अनुरूप उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।



## जीवन में अनुशासन व व्यक्तिव विकास जरूरी



**गीदम।** वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावांगा के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी थे। उन्होंने उद्बोधन व्यक्तव्य में राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं व्यक्तिव विकास के बारे में बताया। विशेष अतिथि ग्राम सरपंच शैलेश अटामी ने त्याग, समर्पण एवम्‌ विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा ने स्वयंसेवकों को अभाव में किस तरह से अपने जीवन को उनके अनुकूल ढालकर लक्ष्यों के प्राप्ति के बारे में बताया। संचालन सुरेंद्र कुमार माहला कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

# प्रदेश संगठन में भीमा और पुष्पलता को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा बीते दिनों विभिन्न मोर्चा में प्रदेश भर के भाजपाइयों की जिम्मेदारी तय कर उनकी सूची जारी की गई थी। जिसमें

■ **दोरनापाल के भाजपा पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त**

भाजपा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एसटी, एससी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा समेत कई मोर्चे की जिम्मेदारी तय करते हुए प्रदेश भर से भाजपा के कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी दी गई। जिनमें युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक विभिन्न मोर्चों में प्रदेश कार्य समिति सदस्य से लेकर जिला स्तर तक जिम्मेदारी दी गई जिसमें सुकमा जिले से भी कई भाजपाइयों को प्रदेश संगठन के विभिन्न मोर्चे पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। दोरनापाल पोलमपल्ली से मड़कम भीमा को भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं दोरनापाल के वार्ड क्रमांक 7 की



पार्षद पुष्पलता भदौरिया को महिला मोर्चा प्रदेश कर्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

जिसके बाद दोरनापाल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कोरसा सन्नू, जिला महामंत्री बलिराम नायक, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष राधा नायक के नेतृत्व में नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। इस दौरान मनीराम नायक, पार्षद सोढ़ी मंगली, गीता, मीडियम ललिता, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभय भदौरिया, विक्की, अजित आसिफ मौजूद थे। गौरतलब है कि मड़कम भीमा इससे पहले युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। जिसके बाद भाजपा जिला मंत्री की जिम्मेदारी पर भी रह चुके हैं वर्तमान में युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा पुष्पलता भदौरिया महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की जिम्मेदारी भी निभा चुकी है और दूसरी बार वार्ड पार्षद के रूप में भी निर्वाचित हो चुकी है और वर्तमान में महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है।

### आदिवासी युवा विनिमय से राष्ट्र निर्माण की नई उड़ान

# गुरूग्राम हरियाणा के लिए रवाना हुए बस्तर के 40 आदिवासी युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आदिवासी युवाओं को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास को गति देने की दिशा में 80 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं मेरा युवा भारत जगदलपुर की संयुक्त पहल के तहत 17वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम 2025-26 के लिए 40 आदिवासी युवक-युवतियों को गुरुग्राम (हरियाणा) के लिए रवाना किया गया। 20 दिसम्बर को आयोजित इस प्रस्थान कार्यक्रम में 80

■ **80 बटालियन सीआरपीएफ व मेरा युवा भारत की संयुक्त पहल**

बटालियन की ओर से 20 तथा मेरा युवा भारत जगदलपुर की ओर से 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

यह सात दिवसीय कार्यक्रम 22 से 28 दिसम्बर तक गुरुग्राम में आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न आदिवासी अंचलों से आए युवक-युवतियां सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सांस्कृतिक आदान-प्रदान, शैक्षिक



संवाद, सामाजिक सहभागिता और नेतृत्व विकास से जुड़े अनुभव प्राप्त होंगे। यह मंच युवाओं को विविधता में एकता की भावना से जोड़ते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को सुदृढ़ करेगा। यात्रा से पूर्व युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें सतर्कता, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया तथा प्राप्त अनुभवों को अपने समाज और क्षेत्र के विकास में साझा करने का आह्वान किया गया। इस पहल को आदिवासी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है, जो उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की नींव रखेगा।

समाचार के अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों में 80 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट जितेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तपल गोगई, सहायक कमांडेंट ओम कुमार गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी वेंकट विकास तथा मेरा युवा भारत बस्तर के जिला युवा अधिकारी कुमार शिवम शामिल रहे।

**क्रमबद्ध पहल का प्रभाव**

आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों की संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक संरचना से प्रत्यक्ष परिचय मिलता है, जिससे उनके दृष्टिकोण का विस्तार होता है। अनुशासन, नेतृत्व और सामूहिक जीवन के अनुभव उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। विभिन्न गतिविधियों के जरिए अर्जित ज्ञान और कौशल जब वे अपने गांव-समाज में साझा करते हैं, तो स्थानीय विकास, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है।

## डॉ. नरगिस को मिली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई। दंतेवाड़ा में डॉ नरगिस अंसारी को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष की

■ **समाज को एकजुट करने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी**

महत्तवपूर्ण जिम्मेदारी संगठन में सौंपी है। देर शाम सुची जारी होने के बाद में भाजपा पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर नरगिस को शुभकमनाएं दी। उन्होंने कहाकि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एव जिला नेतृत्व ने उन्हें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दंतेवाड़ा के जिलाअध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। इसके लिए वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मखमूर खा समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होने कहा कि वह इस दयित्व का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे।

उनको कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व विश्वास दिलाती हूं कि मैं संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर अल्पसंख्यक समाज को जोड़ने का सार्थक कार्य करूंगी एव समाज को एकजुट करने में अपनी पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी।

## जानलेवा गड्ढों पर चला प्रशासन का पैचवर्क, शुरू हुई सड़क मरम्मत


हादसे, लोगों की जान जोखिम
कुछ महीने पहले ही इस सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब सड़क की हालत जर्जर
पसपुलनाला के पास सड़क मार्ग पर बीचों बीच बड़ा गड्ढा जिससे कि दो पहिया और चार पहिया वाहनों को यहां से गुजरने में परेशानी हो रही। बीजापुर से भोपालपटनम की ओर आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों के चालकों ने बताया कि चलते-चलते सड़क पर गड्ढा आ जाता है, अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मददेड़

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के मददेड अंतर्गत पेगड़पल्ली के पास नेशनल हाईवे पर लंबे समय से बने जानलेवा गड्ढों को लेकर प्रकाशित खबर का आखिरकार प्रशासन पर असर दिखाई देने लगा है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं, दोपहिया वाहन चालकों के घायल होने और मौत के मामलों को उजागर करने के बाद अब संबंधित विभाग हरकत में आ गया है। खबर सामने आने के बाद एनएच पर गड्ढों की पैचवर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है। मशीनों और मजदूरों की मदद से सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों को गिट्टी डामर से भरा जा रहा है, ताकि यातायात सुचारू हो सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

**खबर का असर**

नागरिकों का कहना है कि बरसात के बाद से सड़क की हालत बेहद खराब हो गई थी। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देते थे जिससे बाइक सवार और छोटे वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे थे। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन मीडिया में मामला उठते ही विभाग सक्रिय हुआ। हालांकि लोगों ने यह भी मांग की है कि सिर्फ अस्थायी पैचवर्क नहीं बल्कि स्थायी सड़क निर्माण किया जाए, ताकि भविष्य में फिर से जान जोखिम में न पड़े। ग्रामीणों और राहगीरों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी निभाएगा।

# 89 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पेंशन को किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर हाई स्कूल के इतिहास में एक भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब देखने को मिला, जब वर्ष 1948 के पांचवी कक्षा के प्रथम बैच के विद्यार्थी कृष्ण मुरारी महापात्र ने अपनी पेंशन राशि में से 21000 विद्यालय को दान स्वरूप भेंट किए। उन्होंने 1948 से 1959 तक इसी विद्यालय में पांचवी से 11वीं कक्षा तक अपनी शिक्षा ग्रहण की थी। शिक्षा के प्रति अपनी कृतज्ञता और विद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को सहेजते हुए



उन्होंने यह दान दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा महापात्र का 89वां जन्मदिन बड़े ही आत्मीय वातावरण में स्कूल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर उनका सम्मान किया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्राचार्य राम कुमार, राकेश तिवारी, श्यामलाल देवांगन, भूतपूर्व छात्र ओमप्रकाश मोहंती, देवेंद्र महापात्र, महेंद्र महापात्र एवं प्रतीक्षा महापात्र एवं उनके साथ पढ़े सहपाठियों की गरिमामयी उपस्थिति रहें।

## शिक्षा समिति सभापति ने शाला का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत चयनित डी ग्रेड शाला खाले पारा टांड़पाल का निरीक्षण आज रितेश दास जोशी जनपद पंचायत तोकापाल के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति ने किया। निरीक्षण के दौरान जोशी ने बच्चों तथा शिक्षकों से गुणवत्ता जांच हेतु विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। धारा प्रवाह अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक पठन, सुलेख लेखन हिंदी तथा अंग्रेजी, 10 तक पहाड़ा याद कराने पर बल देने पर बल दिया। इसके साथ ही बच्चों को प्रतिदिन गृह कार्य देने एवं नियमित जांच करने का आग्रह शिक्षिका से किया। साथ ही जो अनुपस्थित बच्चे हैं उनके पालक से संपर्क कर उन बच्चों को शाला तक लाने का प्रयास करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि सभी स्कूल ए ग्रेड में आए। मैंने यह स्कूल आज गोद लिया है और इसका आकलन किया है जो भी कमी दिख रही है उसका निराकरण हम सब मिलकर करेंगे।

# हाई स्कूल मधोता में साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर ब्लॉक के हाई स्कूल मधोता के प्रांगण में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद ममहेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर हाई स्कूल मधोता जोन के अंतर्गत आने वाले बांलेगा, लामकेर, रोतमा, भैंसगांव एवं बड़े चकवा की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। इस दौरान कार्यक्रम में मनीराम कश्यप, शकुंतला कश्यप, सुखदेव मंडावी, जयवती कश्यप, सरपंच कलावती यादव, मदन बघेल, ईस्पर मंडावी मौजूद थे। शिक्षा विभाग की ओर से सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, बीआरसी अजम्बर कोरार्म,




संकुल प्राचार्य हाई स्कूल मधोता श्यामलाल नेताम, कुलभूषण सिंह ठाकुर, बिर्जेस प्रसाद, चरण कश्यप, सीआर नाग उपस्थित रहे।

इसके साथ ही संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर एवं हरदेव बघेल, संकुल खड़का एवं कुंडगुड़ा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा उनके पालकगण बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

### संभागीय अध्यक्ष व बीजापुर, सुकमा जिला के नेता रहे एलमगुंड़ा जोर की बैठक में शामिल

# जोन स्तर की बैठक में गाजे-बाजे से हुआ दोरला समाज प्रमुखों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

बीते दिनों एलमागुंड़ा जोन के ग्राम पंचायत दुलेड़ के पटेलपारा में विकास खंड स्तरीय दोरला समाज का बैठक आहुत किया गया।

बैठक में सांस्कृतिक नीति रिवाज पूजा-पाठ रहन-सहन वेशभूषा तीज-त्यौहार रिश्ते-नाते को लेकर वर्तमान समय के परिदृश्य में होने वाले परिवर्तन सामाजिक सौहार्द्र एकरूप एकता तीज-त्यौहार में तेजी से होने वाले बदलाव को महसूस करते हुए समयानुकूल समाज को सामंजस्य बना कर चलने चर्चा कर समाधानों पर बल दिया गया।

इस जोन स्तर के बैठक में ग्राम दुलेड़ के आसपास के ग्रामों के पटेल पुजारी पेरमा गायता, नागरिक, युवा युवतियां, कर्मचारी को आमंत्रित किया गया था। दोरला समाज ने अपने संगठन





के बैनर तले एक वृहद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। जिसमें बीजापुर सुकमा जिले के संगठन के पदाधिकारी वक्ताओं ने वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक बदलावों के अनुरूप ढलने व अनावश्यक खर्चों परंपरा से हटकर गलत अनचाहे रीतियों के प्रचलन को आत्मसात न करने पर बल देते हुए। सामाजिक कार्यक्रमों में मदिरा मांस परोसने फूहड़ नृत्य गीत समगोत्र में रिश्ते बनाने धर्म परिवर्तन करने जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा कर समाज को आईना दिखाने का काम किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर दोरला समाज के संभागीय अध्यक्ष अनिल मुरका कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विष्णु कवासी विशेष अतिथि मनीष कुंजाम, महेश कुंजाम, वेक्को हूंगा, माड़वी देवा, माड़वी हिड़मा, सोयम भीमा, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा बीजापुर जिला अध्यक्ष उसूर ब्लॉक अध्यक्ष शामिल थे।

**एलमागुंडा जोन के दोरला समाज अध्यक्ष बने दीपक**

दोरला समाज द्वारा कोंटा विकासखंड के जोन स्तरीय एलमागुंड़ा बैठक में दोरला समाज के जिला अध्यक्ष सोयम नागेश, ब्लॉक अध्यक्ष आस मुकेश और जिला एवं ब्लॉक स्तर के सामाजिक पदाधिकिरियों के मार्गदर्शन में एलमागुंड़ा जोन अध्यक्ष के रूप में सलवम दीपक, उपाध्यक्ष बारसे चंद्रा, गड्डो बदरा, सचिव सोड़ी नागेश, सहसचिव उईका रमेश, कोषाध्यक्ष कड़ती रामा, सह कोषाध्यक्ष सोड़ी मुत्ता, मीडिया प्रभारी मड़कम हुर्रा एवं उईका जंम्पू को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संभागीय संरक्षक कट्टम सीताराम, मीडिया प्रभारी सोयम नारैया, सचिव मड़कम कन्ना सहित अनेक दोरला समाज के प्रमुख मौजूद थे।




